39

No. of pages - 16

**(E)**

**MID TERM EXAMINATION**
**CLASS: X**
**SUBJECT: SOCIAL SCIENCE**

**TIME : 3 HRS.** **M.M. 80**

***सामान्य निर्देश:***

1. इस प्रश्न पत्र में कुल 27 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2. प्रत्येक प्रश्न का अंक प्रश्न के सामने अंकित हैं।
3. प्रश्न संख्या 1 से 7 तक अति लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। इन के उत्तर सामान्यतया एक शब्द या एक वाक्य में दें।
4. प्रश्न संख्या 8 से 18 तक प्रत्येक प्रश्न 3 अंकों का हैं। इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम 80 शब्दों में दे।
5. प्रश्न संख्या 19 से 25 तक प्रत्येक प्रश्न 5 अंकों का हैं। इनमें से प्रत्येक का उत्तर अधिकतम 120 शब्दों में दें।
6. प्रश्न संख्या 26 एवं 27 मानचित्र से संबंधित प्रश्न हैं जो क्रमश: 2 तथा 3 अंकों का हैं।
7. मानचित्र पर उत्तर लिखने के बाद इसको अपनी उत्तर पुस्तिका के अंदर रखकर बाँध दीजिए।

***General Instructions:***

1. There are 27 questions in all. All questions are compulsory.
2. Marks of each question are indicated against the question.
3. Questions from serial number 1 to 7 are very short question of 1 marks each. Generally answer to these questions in 1 word or 1 sentence.
4. Questions From serial number 8 to 18 are short questions of 3 marks each. Answer to these questions in maximum 80 words.

5. *Questions from 19 to 25 are long question answer of 5 marks each. Answer to these questions in maximum 120 words.*
6. *Question number 26 to 27 are map questions of 2 marks and 3 marks respectively.*
7. *Attach the map inside your answer book after marking answer on the map.*

********

1. 1929 की महामंदी के दौरान भारत में किस आंदोलन की शुरूआत हुई थी? 1

Which movement was launched in India during the great depression of 1929?

**अथवा or**

उस भारतीय बंदरगाह का नाम बताइए जिसने औपनिवेशिक [illegible] के दौरान अपना महत्त्व खो दिया।

Name the Indian part which last its importance during the colonial rule.

**अथवा or**

शराबबंदी आंदोलन का लक्ष्य क्या था?

What was the aim of Temperance movement?

2. अनवीकरणीय संसाधनों को कितने प्रकार में बाँटा जाता है? 1

In how many types non-renewable resources are divided?

3. पहाड़ी और पर्वतीय क्षेत्रों में किस प्रकार (विधि) जल का संरक्षण किया जाता है? 1

How water is conserved in hilly and mountainous regions?

4. भारत के किस भाग में अत्यधिक सिंचाई भूमि निम्नीकरण का एक मुख्य कारण हैं? 1

In which part of India excessive irrigation is a major cause of land degradation?

5. भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में कितनी भाषाओं को शामिल किया गया हैं? 1

How many languages have been included in the Eighth schedule of the Indian constitution?

6. उस उद्योग का नाम बताइए जिसमें चूना पत्थर को एक आधारभूत कच्चे माल के रूप में प्रयोग किया जाता है। 1

Name the industry which uses limestone as its basic raw material.

7. भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में ऋण के औपचारिक स्रोतो के विस्तार की अत्यधिक आवश्यकता क्यों है ? 1

Why there is a great need to expand formal sources of credit in rural India?

8. प्रथम विश्वयुद्ध को आधुनिक औद्योगिक युद्ध कहा जाता हैं। व्याख्या कीजिए। 3

Why first worldwar is called the modern industrial war? Explain.

**अथवा or**

मशीनों द्वारा निर्मित धागे से कड़ी प्रतिस्पर्धा के बावजूद 20 वीं शताब्दी में भारतीय हस्तकरघा उद्योग का उत्पादन क्यों बढ़ा ? व्याख्या कीजिए।

Despite stiff competition from machine-made thread, why did Indian handloom production increased in the 20th century? **Explain.**

**अथवा or**

लंदन की जनसंख्या 18वीं सदी के मध्य से क्यों बढ़ी ? कोई तीन कारण लिखिए।

Why did the population of London begin to expand after mid of 18th century? Give three reasons.

9. बताएँ कि पूर्व आधुनिक विश्व में बीमारियों के वैश्विक प्रसार ने, अमेरिकी भू-भागों के उपनिवेशोकरण में किस प्रकार मदद दी। 3

Explain how the global transfer of disease in the pre-modern world helped in the colonisation of America.

**अथवा or**

भारत में औद्योगिक उत्पादन पर प्रथम विश्वयुद्ध के प्रभाव की व्याख्या कीजिए।

Explain the impact of the first world war on industrial production in India.

**अथवा or**

1870 में लंदन में अपराध को नियंत्रित करने के लिए कौन-कौन से कदम उठाए गए।

In 1870, what steps were taken to control crimes in London?

10. पांडुलिपि किसे कहते हैं? इसकी किन्हीं तीन कमियो को लिखिए। 3

What is manuscript? Write any three shortcomings of manuscript.

**अथवा or**

भारत में कब और किन भाषाओं में उपन्यास का आधुनिक स्वरूप विकसित हुआ? किन्हीं दो आधुनिक प्रारंभिक भारतीय उपन्यासों का उदाहरण दीजिए।

When and in which languages were the modern form of novels developed in India? Give examples of any two earliest modern Indian novels.

11. किन्हीं तीन कारणों की व्याख्या कीजिए जिसके कारण हाल के वर्षों में बड़े बाँधों का अत्यधिक विरोध हुआ है ? 3

Explain any three reasons due to which large dams have come under great opposition in recent years.

12. खरीफ और रबी फसलों में अंतर स्पष्ट करें। 3

Differentiate between kharif and rabi crops.

13. आधुनिक लोकतांत्रिक व्यवस्थाओ में सत्ता की साझेदारी के विभिन्न रूपों का वर्णन कीजिए। 3

Describe different forms of sharing of power in modern democratic system.

14. मैक्सिको ओलंपिक में विरोध प्रदर्शन के लिए अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक संघ द्वारा टॉमी स्मिथ, जॉन कार्लोस और पीटर नॉर्मन के विरूद्ध क्या कार्यवाही की गई ? 3

What action was taken by international Olympic association against

Tommie Smith, John Carlos and Peter Narman to demonstrate the protest?

15. भारत एक संधीय शासन व्यवस्था वाला देश हैं। इस कथन के समर्थन में तीन तर्क दीजिए। 3

India is a country of federal system. Give three reasons in support of this statement.

16. निम्नलिखित शब्दों को परिभाषित कीजिए: 1½+1½=3

(i) प्रति व्यक्ति आय

(ii) शुद्ध उपस्थिति अनुपात

Define the following terms:-

(i) Per Capita Income

(ii) Net Attendance Ratio

17. "भारत में असंगठित क्षेत्रों में कामगारों का शोषण किया जाता है," उपयुक्त उदाहरण देकर इस कथन का समर्थन कीजिए 3

"Workers are exploited in unorganised sectors in India." Support the statement with suitable examples.

18. "बैंक जमा न केवल जमाकर्त्ताओं के लिए बल्कि राष्ट्र के लिए भी लाभकारी है।" इस कथन का परीक्षण कीजिए। 3

"Deposits with the banks are beneficial not only for depositors but also for nation." Examine the statement.

19. महामंदी की शुरूआत कब हुई ? विश्व पर इसके होने वाले प्रभावों की व्याख्या कीजिए। 1+4=5

When did the Great Depression begin? Explain its impact on the world.

अथवा or

19वीं सदी के अन्त में भारतीय कपड़ा उद्योग में आई गिरावट के कारणों की व्याख्या कीजिए। 5

Explain the reasons for the decline of Indian textile industry by the end of 19th century.

**अथवा or**

आप प्रवास के क्या कारण समझते हैं तथा इसका प्रवास करने वाले लोगों पर क्या प्रभाव पड़ता है ? दो महानगरों का नाम लिखिए जो इस समस्या का सामना कर रहे हैं ?

2+2+1=5

What do you think are the reasons of migration and its impact on the migrating people? Name two metropolitan cities facing this problem.

20. गुटेन्बर्ग के द्वारा छापी गई पहली पुस्तक कौन-सी थी? इसकी मुख्य विशेषताओं का विशलेषण कीजिए। 1+4=5

Which was the first book printed by Gutenberg? Explain its main features.

**अथवा or**

हिन्दी उपन्यास लेखन में प्रेमचंद के योगदान का विशलेषण कीजिए।

Explain the contribution of Prem Chand in Hindi novel writing.

21. संसाधन से आप क्या समझते हैं? विभिन्न आधारों पर संसाधनों का वर्गीकरण करते हुए उनके नाम लिखें। 1+4=5

What do you understand by resource? Write the names of resources by classifying them on different basis.

22. भारतीय संविधान में समाहित किए गए संघवाद के प्रमुख लक्षणों का विशलेषण कीजिए। इसको न्यायोचित ठहराने के लिए दो तर्क दीजिए। 3+2=5

Analyse the main features of federalism in corporated in the Indian constitution. Give two reasons to justify it.

23. विकेन्द्रीकरण का क्या अर्थ है? इसके पीछे मुख्य उद्देश्य क्या हैं? यह लोकतंत्र को कैसे मजबूत करता हैं? 1+2+2=5

What is meant by decentralization? What are main objectives behind it? How does it strengthen the democracy?

24. किसी देश के विकास के लिए बेहतर जन सुविधाएँ क्यों आवश्यक हैं? किन्हीं चार जन सुविधाओं की व्याख्या कीजिए। 2+3=5

Why are better public facilities needed for the development of the country? Explain any four public facilities.

25. अपने परिवेश को ध्यान में रखकर सार्वजनिक और निजी क्षेत्र में अंतर स्पष्ट कीजिए। 1X5=5

Keeping in view your locality differentiate between public sector & private sector.

26. भारत के राजनीतिक रेखा मानचित्र में Aऔर B दो स्थान दिए हैं। उन्हें पहचानिए और उनके नाम लिखिए। 1×2=2

On the political map of India A and B two places are shown Identify and write their name:

A - मिट्टी का एक प्रकार

(A type of soil)

B - एक फसले का प्रमुख उत्पादक क्षेत्र

(A crop producing region)

**अथवा or**

**(दृष्टिबाधित के लिए) (For Visually impaired)**

क) उत्तर प्रदेश में कौन-सी मुख्य मिट्टी पाई जाती है।

a) Which main soil is found in U.P.

ख) काली मिट्टी किस फसल के सर्वाधिक उपयुक्त हैं

b) Black soil is appropriate for which crop.

27. भारत के राजनीतिक रेखा मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाए:

Show the following on the given political map of India.

A सरदार सरोवर

Sardar Sarovar

B पहचानिए लौह अयस्क खान एवं जगह का नाम लिखिए

Identify iron ore mines & write the name of place

C पहचानिए तेल क्षेत्र

Identify oil fiel

**अथवा or**

**दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए (मानचित्र प्रश्नावली के स्थान पर)**

**For visually impaired in place of map questions**

A नेवेली कोयले की खान किस राज्य में हैं।

In which state naveli coal mines is situated?

B कैगा आणविक केन्द्र किस राज्य में है ?

In which state kaiga nuclear centre is situated

C बेलाडिला किस अयस्क के लिए प्रसिद्ध है ?

Bailadila is famous for which are?